प्रादेशिक समाचार
दिनांक–02.06.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. एक्जिट पोल में ज्यादातर एजेंसियों ने एनडीए को साढ़े तीन सौ से अधिक सीटें जीतने का लगाया अनुमान, इंडी गठबंधन को एक सौ पच्चीस से डेढ़ सौ सीटें मिलने की संभावना।

2. झारखंड के तीन निर्वाचन क्षेत्रों दुमका, गोड्डा और राजमहल में सत्तर दशमलव छह छह प्रतिशत मतदान, राज्य के अंतिम चरण में सबसे अधिक वोट प्रतिशत।

3. चार जून को होनेवाली मतगणना को लेकर राज्यभर में प्रशासनिक तैयारियां तेज, रांची समेत कई जिलों के निर्वाचन पदाधिकारियों ने मतगणना स्थल का लिया जायजा।

4. राज्यभर में लू लगने से दस से अधिक लोगों की मौत, पूर्वी सिंहभूम, कोडरमा समेत राज्य के कई जिलों में बारिश ने गर्मी से दी राहत।

*************

चार जून को लोकसभा चुनाव की मतगणना से पहले, निजी टीवी चैनलों और अन्य एजेंसियों ने चुनाव पश्चात के सर्वेक्षण परिणाम जारी किए हैं। इनमें से अधिकतर में कहा गया है कि भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए लोकसभा चुनाव में बहुमत हासिल कर सत्ता में वापसी करेगा। इन परिणामों से संकेत मिलता है कि पांच सौ 45 सदस्यों वाली लोकसभा में एनडीए को दो–तिहाई बहुमत मिल सकता है। लोकसभा में सामान्य बहुमत के लिए दो सौ 72 सीट की आवश्यकता होती है। चुनाव विशेषज्ञों ने नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार के साढ़े तीन सौ से अधिक सीटें जीतने का अनुमान व्याक्त किया है। विपक्षी आई.एन.डी.आई गठबंधन को लोकसभा में एक सौ 25 से डेढ़ सौ तक सीट मिल सकती हैं। लोकसभा चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए का सीधा मुकाबला कांग्रेस के नेतृत्व वाले आई.एन.डी.आई गठबंधन से था। सत्तारूढ़ भाजपा को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार सत्तो में लौटने का विश्वास है।

*************

झारखंड के तीन निर्वाचन क्षेत्रों दुमका, गोड्डा और राजमहल में कड़े सुरक्षा प्रबंधों के बीच मतदान कल शांतिपूर्वक सम्पन्न हो गया है। इन तीनों सीटों पर 70 दशमलव छह छह प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है। दुमका में जहां 73 दशमलव सात एक प्रतिशत मतदान हुआ वहां गोड्डा में 68 दशमलव पांच चार और राजमहल में 70 दशमवल तीन चार प्रतिशत मतदान हुआ है। हालांकि मतदान की अंतिम रिपोर्ट चुनाव आयोग द्वारा आज जारी की जायेगी। हमारे संवाददाता ने बताया है कि शहरी क्षेत्रों की तुलना में ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक मतदान दर्ज किया गया है। आठ महिलाओं सहित 52 उम्मीदवारों का भाग्य ईवीएम में बंद हो गया है। जिन प्रमुख उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला इस चरण में होगा उनमें सीता सोरेन, निशिकांत दुबे और विजय हांसदा शामिल हैं। बता दें कि इस चरण में राज्य के सभी चरणों से ज्यादा मतदान दर्ज किया गया है।

*************

इस वर्ष के लोकसभा चुनाव, आंध्र प्रदेश और ओड़िशा के विधानसभा चुनाव तथा विधानसभा उप–चुनाव के लिए मतगणना 4 जून को सुबह आठ बजे से शुरू होगी। निर्वाचन आयोग ने मतगणना तैयारियों की समीक्षा की है। आयोग के अनुसार, मतगणना के रुझान और नतीज़े निर्वाचन आयोग की वेबसाइट रिजल्ट्स डॉट ईसीआई डॉट जीओवी डॉट इन –results.eci.gov.in और वोटर हेल्पलाइन ऐप पर उपलब्ध होंगे।

*************

लोकसभा चुनाव में अंतिम चरण के मतदान के बाद अब चार जून को होनेवाली मतगणना को लेकर राज्यभर में प्रशासनिक तैयारियां तेज कर दी गई हैं। रांची संसदीय क्षेत्र के लिए चार जून को होनेवाली मतगणना को लेकर पंडरा बाजार समिति स्थित मतगणना स्थल में लगभग सभी तैयारी पूरी हो चुकी है। इसी क्रम में रांची

लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के ईचागढ़, सिल्ली और खिजरी विधानसभा के मतगणना प्रेक्षक अमित मेहरा ने मतगणना स्थल का जायज़ा लिया। वहीं रांची के जिला निर्वाची पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा ने मतगणना प्रेक्षक अमित मेहरा को पूरी व्यवस्था और तैयारियों की जानकारी दी। इधर खूंटी में मतगणना को लेकर जिला प्रशिक्षण कोषांग कल लोयोला इंटर कॉलेज में मतगणना कर्मियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उधर धनबाद लोकसभा के प्रत्याशियों के काउंटिंग एजेंट को कल टाउन हॉल में मतगणना से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। इस मौके पर मुख्य प्रशिक्षक दिलीप कुमार कर्ण ने बताया कि मतगणना हॉल में मोबाइल फोन ले जाना वर्जित रहेगा।

*************

पलामू जिले में चार जून को होने वाली मतगणना को लेकर जिला प्रशासन की ओर से तैयारी पूरी कर ली गई है।

*************

लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण के मतदान के बाद एनडीए और इंडी गठबंधन ने राज्य की सभी 14 सीटों पर जीत दर्ज करने का दावा किया है। भाजपा प्रदेश महामंत्री और राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने कल रांची में कहा कि झारखंड में एनडीए को सभी 14 सीटें मिलेगी और इंडी गठबंधन शून्य पर आउट हो रहा है। वहीं, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने संथाल परगना के तीन लोकसभा क्षेत्रों में संपन्न हुए मतदान के बाद यहां की जनता का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि संताल की जनता ने भाजपा की जिताने के लिए बढ़–चढ़कर मतदान किया है। वहीं, दूसरी ओर राज्य के मुख्यमंत्री और झामुमो नेता चम्पाई सोरेन ने कहा कि लोकसभा चुनाव में इंडी गठबंधन झारखंड की सभी 14 सीटों पर जीत दर्ज करेगी। श्री सोरेन कल इंडी गठबंधन के घटक दलों के नेताओं के साथ लोकसभा चुनाव के प्रदर्शन का आकलन करने के लिए नई दिल्ली में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर पत्रकारों से बात कर रहे थे। वहीं झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने भी झारखंड में जीत का दावा किया है।

*************

पलामू गढ़वा सहित राज्य के कई जिलों में गर्मी का प्रकोप जारी है। राज्यभर में पिछले चौबीस घंटे के दौरान लू लगने से दस से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। इधर पूर्वी सिंहभूम, कोडरमा समेत राज्य के कई जिलों में कल हुई बारिश ने लोगों को गर्मी से राहत दी है। जमशेदपुर में कल शाम 45 मिनट तक बारिश हुई।

*************

टी–20 क्रिकेट विश्व कप आज से अमरीका में शुरु हो गया है। अमरीका और वेस्टइंडीज़ संयुक्त रूप से इस टूर्नामेंट का आयोजन कर रहे हैं। टूर्नामेंट का पहला मैच इस समय अमरीका के डलास में, अमरीका और कनाडा के बीच खेला जा रहा है। कनाडा ने पहले बल्लेबाज़ी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट पर 194 रन बनाए हैं।

*************

<u>और अब कुछ संक्षिप्त खबरें</u>

- गोड्डा संसदीय क्षेत्र की चुनाव सामग्री पॉलिटेक्निक कॉलेज में आज जमा हो रही है। मधुपुर, देवघर और जरमुंडी से आने वाले मतदान कर्मियों को थोड़ा विलंब हुआ है। महगामा,गोड्डा और पोरैया हाट विधानसभा क्षेत्र के मतदान कर्मी कल देर रात ईवीएम जमा कर चुके थे।
- जमशेदपुर के बिरसा नगर थाना क्षेत्र में बीती रात दो घरों में चोरी हो गई। चोरों ने भारतीय जल सेना में कार्यरत श्यामसुंदर पांडे और स्टेट बैंक डिब्रूगढ़ के मैनेजर के घरों को निशाना बनाया है।
- जमशेदपुर के प्रेमनगर छठघाट में मां तारा की 35 फ़ीट मूर्ति का अनावरण तथा पूजन आज से शुरू होगा जो छह जून तक चलेगा। इस कार्यक्रम का आयोजन हिन्दू जन जागरण मंच की ओऱ से किया जा रहा है।

*************

और अब अखबारों की सुर्खियां

- राजधानी रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख समाचार पत्रों ने आज एक्जिट पोल और मौसम की खबर को पहले पन्ने पर प्रमुखता से प्रकाशित किया है।
- प्रभात खबर ने एक्जिट पोल के हवाले से लिखा है–मोदी के नेतृत्व में एनडीए की वापसी।
- दैनिक भास्कर की सुर्खी है–एक्जिट पोल मे मोदी की हैट्रिक, दक्षिण में बढ़ाई सीटें।
- दैनिक जागरण लिखता है–इतिहास रचेंगे प्रधानमंत्री मोदी।
- हिंदुस्तान ने झारखंड में लू से तेरह लोगों की मौत की खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।
- राष्ट्रीय नवीन मेल ने संताल की तीन सीटों पर मतदान की खबर को प्रमुखता दी है।
- अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया ने एक्जिट पोले के हवाले से लिखा है–भाजपा और उसके सहयोगियों को 356 से 400 सीटें।
- अंग्रेजी अखबार हिन्दुस्तान टाइम्स ने लिखा है–चौवालीस दिन के चुनाव चक्र के बाद सबकी निगाहें चार जून पर।

********************